इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन®
(भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)
INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION
(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)
IBPS
प्रज्ञाविभावनम्
असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत
In assessment, India trusts us

# CRP PO/MT-XVI

# सूचना पुस्तिका

## सहभागी सरकारी क्षेत्र के बैंकों में परिवीक्षाधीन अधिकारियों/प्रबंध प्रशिक्षुओं की भर्ती की ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा के लिए

s

## प्रस्तावना

जिस प्रारम्भिक ऑनलाइन परीक्षा में आप बैठ रहे हैं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं तथा संबंधित मामलों के बारे में महत्वपूर्ण अनुदेश इस पुस्तिका में दिए गए हैं । **उत्तर ऑनलाइन दर्शाने होंगे अतः आप उत्तर दर्शाने के अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें । आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी ।**

- परीक्षा में बैठने से पूर्व आपको पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप अधिसूचना में निर्धारित पात्रता के मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं।
- कृपया नोट करें कि यह एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा है और इसमें उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त नहीं । आगे की चयन प्रक्रिया के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए आपको मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करना होगा । अतः परीक्षा के लिए आप पूरी मेहनत करें ।

**ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा :**

ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा जिसमें वस्तुनिष्ठ एवम् 100 अंक की होगी । यह परीक्षा 1 घंटे की होगी और निम्नानुसार 3 खण्ड होंगे :

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | अधिकतम अंक | प्रश्न की संख्या | परीक्षा का माध्यम | प्रत्येक परीक्षा के लिए आबंटित समय (अलग-अलग समय) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | अंग्रेजी | 20 मिनट |
| 2 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 35 | 30 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 20 मिनट |
| 3 | तर्कशक्ति क्षमता | 35 | 40 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 20 मिनट |
| | **कुल** | **100** | **100** | | **60 मिनट** |

उम्मीदवारों को प्रत्येक प्रश्नावली में निर्धारित कट-ऑफ अंकों के अनुसार प्रत्येक प्रश्नावली में उत्तीर्ण होना होगा । **प्रत्येक उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्नावली में और कुल अंकों में से न्यूनतम अंक लेने होंगे ताकि उसे मुख्य परीक्षा में शॉर्टलिस्ट करने पर विचार किया जा सके । उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करते हुए कट ऑफ तय की जाएगी और उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा । तथापि, इस संबंध में आई. बी. पी. एस. का निर्णय अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और संबंधकारी होगा ।**

परीक्षा के लिए समय 60 मिनट है; तथापि प्रवेश, लागिंग इन, निर्देश पढ़ना, लैब से बाहर जाना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 150 मिनट रहना पड सकता है । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) अंक काट लिए जाएंगे ।**

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

## नमूना प्रश्न

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रत्येक प्रश्नावली में से चुने गये हैं । ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं । अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है ।

## अंगेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है । व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें ।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें ।

**प्र.1.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर “through” है जिसकी उत्तर संख्या ‘2’ है ।

**प्र.2.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3.** The local official .......................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी । उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है ।

**प्र.4.** I am twenty / two years old / when I first / joined the bank. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

गलती (1) में है । अतः उत्तर '1' है ।

**प्र.5.** To the Hindus / the Ganga is / holier than / any other river. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

इस प्रश्न में कोई गलती नहीं है । अतः इस प्रश्न का ठीक उत्तर '5' है ।

**प्र.6.** Of all the teachers / in our school / our class teacher / were very strict. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो।

**प्र.7.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.8.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.9.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द का विपरीतार्थी हो ।

**प्र.10.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**प्र.11.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**प्र.12.** INEPT
(1) accurate (2) skilful (3) sensible (4) artistic (5) apt

इसके अतिरिक्त आपकी अनुच्छेद की बोधगम्यता की परीक्षा के लिए अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न होंगे ।

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2**. लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक

(4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70

(4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/-रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.7-9.** **निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी I सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य क्षमता

सारणी में श्रेणी I का प्रतिशत देखिये । आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है **वरिष्ठता** जिसका क्रमांक (2) है ।

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

स्तंभ तथा पंक्ति के उस प्रतिछेदन की तरफ देखिये जहाँ पर श्रेणी III के लिये स्तंभ में प्रतिशत दिया है और बुद्धिमत्ता के लिये प्रतिशत पंक्ति में दिया गया है । आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता विशेषता को श्रेणी III दी हैं । 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है । अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4) ।

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य क्षमता (5) सामाजिकता

श्रेणी VI के प्रतिशत के संदर्भ में आपको पता चलेगा कि बुद्धिमत्ता को अधिकतम प्रतिशत दिये गये हैं । इसका अर्थ है कि अधिकांश लोग इसे सबसे कम महत्त्वपूर्ण मानते हैं और इसे अंतिम श्रेणी प्रदान करते हैं । अतः आपका उत्तर (2) है ।

## तर्कशक्ति क्षमता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तैर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पांचों में 'काला', 'लाल', 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि वे सभी रंगों के नाम हैं । रंग किसी रंग का नाम नहीं हैं । अतः उत्तर (4) है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में 'चरण' और 'मनुष्य' में जो संबंध है उसी के अनुसार 'खुर' का 'घोड़ा' विकल्प से है, अतः आपका उत्तर 3 है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.5.** दिन : रात : : दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल : : खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

अब निम्नलिखित प्रश्न का अध्ययन कीजिए ।

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A V B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं?

(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ V $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II

(4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.11.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : I. सभी मशीन बादल हैं ।

निष्कर्ष : II. सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है । (2) केवल I अनुसरण करता है । (3) I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।

(4) केवल II अनुसरण करता है । (5) या तो I या II अनुसरण करता है ।

# ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण

1. सभी प्रश्नों को हल करने के लिए आपको 60 मिनट का समय दिया जाएगा । [प्रतिपूरक समय के लिए पात्र निःशक्त उम्मीदवारों हेतु परीक्षा समय के प्रत्येक 60 मिनटों (1 घंटे) के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।]

2. सर्वर पर घड़ी लगाई गई है तथा आपकी स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा । परीक्षा समय समाप्त होने पर, आपको अपनी परीक्षा बंद या जमा करने की जरूरत नहीं है । यह स्वतः बंद या जमा हो जाएगी।

3. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

4. आप प्रश्न पैलेट को छुपाने के लिए, “>” चिन्ह पर क्लिक कर सकते है, जो प्रश्न पैलेट के बाईं ओर दिखाई देता है, जिससे प्रश्न विंडो सामने आ जाएगा । प्रश्न पैलेट को फिर से देखने के लिए, “<” चिन्ह पर क्लिक कीजिए जो प्रश्न विंडो के दाईं ओर दिखाई देता है ।

5. सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की भाषा को परिवर्तित करने के लिए आप को अपने स्क्रीन के ऊपरी दाहिने सिरे पर स्थित प्रोफाइल इमेज पर क्लिक करना होगा । प्रोफाइल इमेज को क्लिक करने पर आपको प्रश्न के अंतर्वस्तु को इच्छित भाषा में परिवर्तित करने के लिए ड्राप-डाउन मिलेगा ।

6. आपको अपने स्क्रीन के निचले हिस्से को स्क्रॉलिंग के बिना नेविगेट करने के लिए  और ऊपरी हिस्से को नेविगेट करने के लिए  पर क्लिक करना होगा ।

**<u>किसी प्रश्न पर जाना :</u>**

7. उत्तर देने हेतु कोई प्रश्न चुनने के लिए, आप निम्न में से कोई एक कार्य कर सकते हैं :
   a. स्क्रीन के दायीं ओर प्रश्न पैलेट में प्रश्न पर सीधे जाने के लिए प्रश्न संख्या पर क्लिक करें । ध्यान दें कि इस विकल्प का प्रयोग करने से मौजूदा प्रश्न के लिए आपका उत्तर सुरक्षित नहीं होता है ।
   b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Save & Next** पर क्लिक करें ।
   c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए, पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक करें ।

**<u>प्रश्नों का उत्तर देना :</u>**

8. बहुविकल्प प्रकार प्रश्न के लिए
   a. अपना उत्तर चुनने के लिए, विकल्प के बटनों में से किसी एक पर क्लिक करें ।
   b. चयनित उत्तर को अचयनित करने के लिए, चयनित विकल्प पर दुबारा क्लिक करें या **Clear Response** बटन पर क्लिक करें ।
   c. अपना उत्तर बदलने के लिए, अन्य वांछित विकल्प बटन पर क्लिक करें ।
   d. अपना उत्तर सुरक्षित करने के लिए, आपको **Save & Next** पर क्लिक करना जरूरी है ।
   e. किसी प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने हेतु **Mark for Review & Next** बटन पर क्लिक करें । यदि किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना हो जो कि पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया गया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

9. किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न का चयन करें, फिर नए उत्तर विकल्प पर क्लिक करने के बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक करें ।

10. उत्तर देने के बाद जो प्रश्न सुरक्षित हैं या पुनर्विचार के लिए चिह्नित हैं, सिर्फ उन पर ही मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।

**<u>अनुभागों द्वारा प्रश्न पर जाना :</u>**

11. इस प्रश्नपत्र में स्क्रीन के शीर्ष बार पर अनुभाग (Sections) प्रदर्शित हैं । किसी अनुभाग के प्रश्न, उस अनुभाग के नाम पर क्लिक करके देखे जा सकते हैं । आप वर्तमान में जिस अनुभाग का उत्तर दे रहे हैं, वह अनुभाग हाइलाइट होगा ।

12. आप अपनी सुविधा के अनुसार प्रत्येक प्रश्नावली के लिए निर्धारित समय के दौरान ही प्रश्नों के बीच आ-जा (शफल) कर सकते हैं।

13. परीक्षार्थी संबंधित सेक्शन की समीक्षा को लीजेन्ड के भाग के रूप में देख सकते हैं जो हर एक सेक्शन में प्रश्न पॅलेट के ऊपर दिखाई देता है।

**<u>परीक्षा सबमिट करना</u>** :

14. परीक्षा की समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

15. कृपया नोट करें :-

(a) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।

(b) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।

## सामान्य निर्देश

**(1) कृपया ध्यान दें कि जिन उम्मीदवारों को IBPS द्वारा सूचना के आधार पर, निर्दिष्ट अवधि के लिए CRP परीक्षा में बैठने से विवर्जित किया गया है, वह तदनुसार कार्रवाई कर सकते है।**

(2) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(3) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें (जो बुलावा पत्र में प्रिंट किया गया हो) । देर से आने वालो कों अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(4) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (वही फोटो चिपकायें जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो।)

**कृपया ध्यान दें : परीक्षा के लिए बुलावा पत्र पर 1 फोटोग्राफ चिपकाना होगा और 1 अतिरिक्त फोटोग्राफ लाना होगा ।**

(5) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और बैंक प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(6) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन या स्क्रीन फ्रीज या स्टोरेज सुविधाओं वाले उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(7) कृपया बुलावा पत्र पर <u>अपना फोटोग्राफ चिपकाएं</u> **।** इसके साथ स्टेपल किए गए फोटो पहचान प्रमाण पत्र की एक फोटोकॉपी और <u>1 अतिरिक्त फोटो</u> के साथ मूल रूप में वही (वर्तमान में मान्य) फोटो पहचान प्रमाण लाएं - यह अनिवार्य है । प्रारंभिक परीक्षा का बुलावा पत्र परीक्षा स्थल पर एकत्र नहीं किया जाएगा । हालांकि, इसे परीक्षा केंद्र के अधिकारियों द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित/ स्टाम्प किया जाएगा । उम्मीदवार को इस बुलावा पत्र (पहचान प्रमाण की अधिप्रमाणित/स्टांप्ड कॉपी के साथ) को सुरक्षित रूप से बनाए रखने की जरूरत होगी । जिन उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, उन्हें मुख्य परीक्षा की "सूचना पुस्तिका" और बुलावा पत्र में दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य परीक्षा बुलावा पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह बुलावा पत्र लाना अनिवार्य होगा । स्क्राइब की सेवाएं लेने वाले उम्मीदवारों के लिए - प्रारंभिक परीक्षा के दिन स्क्राइब घोषणा फॉर्म एकत्रित किया जाएगा ।

(8) कृपया अपने साथ वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण जैसे-पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटो सहित वोटर्स कार्ड/फोटो सहित बैंक पास बुक / राजपत्रित आधिकारी या जन प्रतिनिधि द्वारा आधिकारिक लैटर हैड पर जारी फोटो पहचान का प्रमाण / मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों या विश्वविद्यालयों द्वारा जारी हाल ही का वैध पहचान कार्ड / फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड /फोटोग्राफ सहित बार काउंसिस पहचान पत्र/कर्मचारी पहचान पत्र लाएँ (मूल एवं फोटोकॉपी दोनो ही) । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा** । CAPITAL LETTERS में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए। बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रमाण में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना मूल विवाह प्रमाण पत्र/ शपथपत्र मूल रूप में प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा । पहचान पत्र परीक्षा वाले दिन वैध होना चाहिये ।

(9) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे CRP के लिए वैध आधार कार्ड अपने पास रखें/ प्राप्त करें। चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में IBPS / सहभागी सरकारी क्षेत्र के बैंक द्वारा उम्मीदवार/ स्क्राइबों का ऑनलाइन आधार सत्यापन भी किया जायेगा |

(10) जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

(11) यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा । परीक्षा के संबंध में यात्रा भत्ता या अन्य खर्चे नहीं दिए जाएँगे ।

(12) यदि कोई उम्मीद्वार लिखित परीक्षा देते समय किसी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए अथवा कदाचार के दोषी या अन्य उम्मीद्वारों से/को सहायता प्राप्त करते हुए/ देते हुए पाया जाएगा तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाऐगा और उसे IBPS द्वारा आयोजित CRP परीक्षाओं से या तो स्थायी रुप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है । उम्मीद्वार को सतर्क रहते हुए यह देखना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीद्वार उसके उत्तरों की नकल न कर सके । सही व गलत उत्तरों और अन्य असामान्य पैटर्न के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए IBPS उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों और लॉग्स का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण करेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो IBPS बिना कोई कारण बताए ऐसे उम्मीदवारों (अयोग्य ठहराए गए) की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है । **परीक्षा की निष्पक्षता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए, IBPS उम्मीदवारों के डेटा का विश्लेषण करेगा ताकि गलत तरीके अपनाने (जैसे अलग-अलग डेटा का इस्तेमाल करके कई बार रजिस्ट्रेशन करना आदि) या किसी और के बदले परीक्षा देने (impersonation) जैसे मामलों की पहचान की जा सके।**

(13) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना पर्यवेक्षक को सौंपना है। आपको रफ पन्ने पर अपना पंजीकरण नंबर, रोल नंबर, नाम और परीक्षा की तारीख लिखनी होगी ।

(14) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से आईबीपीएस के विवेक पर निर्भर है । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(15) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(16) उम्मीदवार द्वारा चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में गलत सूचना उपलब्ध कराये जाने और/अथवा प्रक्रिया के उल्लंघन की घटनाओं का पता चलने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के अयोग्य ठहरा दिया जायेगा और उसे भविष्य में किसी भी CRP में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी । यदि ऐसी घटनाओं के बारे में वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान पता नहीं चलता है परंतु बाद में इनका पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता पिछली तिथि से प्रभावी होगी । सहभागी सरकारी क्षेत्र के बैंकों परिवीक्षाधीन अधिकारियों/प्रबंध प्रशिक्षुओं (CRP PO/MT-XVI) के लिये CRP के संबंध में निदेशक, IBPS द्वारा दिया गया/दिया जाने वाला स्पष्टीकरण/निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

यदि किसी उम्मीदवार का कोई जुड़वां/ट्रिपलेट/क्वाड्रुपलेट भाई/बहन है, तो ऐसी जानकारी आवेदन पत्र में जुड़वां स्थिति के अंतर्गत अनिवार्य रूप से प्रदान की जानी चाहिए थी। आवेदन पत्र में इस जानकारी का खुलासा न करना अधिसूचना के खंड P(I)(1)(xii) के अनुसार महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाने के समान माना जाएगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवार द्वारा गलत जानकारी प्रदान करने और/या प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामलों का पता चलने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसे भविष्य में किसी भी CRP में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(17) आईबीपीएस परीक्षा की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए परीक्षा प्रक्रिया में अतिरिक्त कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(18) जो उम्मीदवार पात्र हैं और जिन्होंने स्क्राइब की सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है, उन्हें ऑनलाइन स्क्राइब घोषणा पत्र भरना होगा। पात्र उम्मीदवारों को उनकी पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजे गए परीक्षा सूचना संबन्धित ईमेल में ऑनलाइन स्क्राइब घोषणा पत्र भरने हेतु लिंक भेजा गया है। यह लिंक आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट **www.ibps.in** पर भी उपलब्ध है। ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने के बाद, उम्मीदवारों को इसे डाउनलोड करना होगा और परीक्षा के दिन इसका प्रिंट आउट साथ लाना होगा।

(19) दिनांक 10.08.2022 के OM - F. No. 29-6/2019-DD-III के अनुसार स्क्राइब का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों को स्क्राइब सुविधा की अनुमति ऑनलाइन परीक्षा के समय, CRP PO/MT - XVI के लिए अधिसूचना में परिशिष्ट-I के रूप में संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की सीमित क्षमता है और वह स्क्राइब उसकी ओर से परीक्षा लिखने हेतु आवश्यक है। साथ ही लेखक की योग्यता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा के समय परिशिष्ट II के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे उम्मीदवारों को उक्त अधिसूचना के परिशिष्ट I और परिशिष्ट II के अनुसार निर्दिष्ट चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(20) उम्मीदवार द्वारा जिस स्क्राइब की व्यवस्था की गयी है वह CRP PO/MT - XVI में ऑनलाइन परीक्षा के लिए उम्मीदवार नहीं होना चाहिए। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो उम्मीदवार और स्क्राइब दोनों की CRP हेतु उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(21) CRP PO/MT - XVI प्रक्रिया के लिए एक स्क्राइब केवल एक उम्मीदवार के लिए ही स्क्राइब के रूप में कार्य कर सकता है। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में इसका उल्लंघन पाया जाता है, तो CRP के लिए उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और स्क्राइब को भविष्य की CRP परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

(22) कृपया यह सुनिश्चित करें कि आप जिस स्क्राइब (लेखक) को चुनते हैं, उसने CRP परीक्षाओं में प्रतिबंधित किए गए किसी उम्मीदवार के लिए स्क्राइब के तौर पर काम न किया हो। साथ ही, उस स्क्राइब ने खुद भी CRP परीक्षाओं में ऐसे उम्मीदवार के तौर पर हिस्सा न लिया हो जिसमें वो प्रतिबंधित हो।

(23) जिन उम्मीदवारों ने स्क्राइब (लेखक) की सुविधा चुनी है, उन्हें परीक्षा में बैठने से पहले एक ऑनलाइन स्क्राइब फ़ॉर्म भरना होगा। इस ऑनलाइन फ़ॉर्म में स्क्राइब की जानकारी के साथ-साथ, उम्मीदवार को स्क्राइब का 10वीं कक्षा (**SSC/SSLC/**10**th** स्टैंडर्ड) या उसके बराबर का सर्टिफ़िकेट भी अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। परीक्षा के दिन, स्क्राइब को वेरिफिकेशन के लिए 10वीं कक्षा (**SSC/SSLC/**10**th** स्टैंडर्ड) या उसके बराबर का ओरिजिनल सर्टिफ़िकेट साथ लाना होगा।

(24) परीक्षा के दिन, **PwBD** उम्मीदवारों को अपने **UDID** कार्ड / विकलांगता प्रमाण-पत्र साथ लाने होंगे।

(25) **परीक्षा के दौरान, किसी भी चरण में, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वयं प्रश्नों का उत्तर दे रहा है, या किसी प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष तरीके से उत्तर देने के लिए प्रेरित कर रहा है, तो परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। स्क्राइब की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ऐसे उम्मीदवारों की भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी जिनके बारे में परीक्षा प्रशासक कर्मी द्वारा परीक्षा के बाद यह रिपोर्ट दी जाती है कि उम्मीदवार के स्क्राइब ने स्वयं प्रश्नों के उत्तर दिए हैं, या किसी प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष तरीके से उत्तर देने के लिए प्रेरित किया है । ऐसे मामलों में, उम्मीदवार और स्क्राइब को या तो स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए सभी CRP परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है। IBPS के पास विवर्जित उम्मीदवारों स्क्राइबों की सूची अन्य भर्ती एजेंसियों के साथ उनके सूचनार्थ साझा/करने का अधिकार सुरक्षित है ।**

(26) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" पर ध्यान दें।

(27) अगर कोई उम्मीदवार किसी सवाल के बारे में कोई समस्या बताना चाहते हैं, तो परीक्षा के दौरान स्क्रीन पर "**Report Question"** का विकल्प (बटन) उपलब्ध होगा।

(28) आपको सूचित किया जाता है कि परीक्षा स्थल पर प्रतिबंधित वस्तुएं न लाएं, क्योंकि उन्हें संभाल कर रखने के इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है ।

निम्न वस्तुएं परीक्षा केंद्र के भीतर अनुमत नहीं हैं:

(क) कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्योमेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर ।

(ख) कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि ।

(ग) अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर-पिन, हेयर-बैंड, बेल्ट, टोपी इत्यादि

(ड) आपको आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़-पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि न पहनने की सलाह दी जाती है।

(च) कोई भी घड़ी/हाथ-घड़ी, कैमरा, स्क्रीन फ्रीज या स्टोरेज सुविधाओं वाले उपकरण ।

(छ) आदि धातु की कोई भी वस्तु,

(ज) खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री ।

(झ) ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल कैमरा, ब्लूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके ।

(29) (प्रारंभिक/ मेन/) परीक्षा, व्यक्तित्व परीक्षण / साक्षात्कार के समय या बाद की चयन प्रक्रिया में यदि किसी अभ्यर्थी को -

(i) अनुचित साधनों का प्रयोग करने या

(ii) ग़लत तरीके से किसी अन्य की परीक्षा देने या ग़लत तरीके से अपनी परीक्षा किसी अन्य से दिलवाने या

(iii) परीक्षा या साक्षात्कार हॉल में दुर्व्यवहार करने या किसी भी उद्देश्य से किसी भी रूप में या किसी भी मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक साधनों द्वारा परीक्षा(ओं) की विषय-वस्तु या उसमें दी गई किसी आंशिक या पूर्ण जानकारी के वितरण व उसे रखने (बॉडी मार्किंग, नोट्स) को सुलभ बनाने या उसे प्रकट करने, प्रकाशित करने, निर्मित करने, वितरित करने या

(iv) उसकी अभ्यर्थिता से जुड़े किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेने, या

(v) अनुचित साधनों द्वारा अपनी अभ्यर्थिता हेतु मदद लेने, या

(vi) परीक्षा या साक्षात्कार हॉल में मोबाइल फोन या वैसा ही कोई इलेक्ट्रॉनिक सम्प्रेषण यंत्र या स्क्रीन फ्रीज या स्टोरेज सुविधाओं वाले उपकरण या

(vii) परीक्षा के संचालन में बाधा डालना/ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, अन्य अभ्यर्थियों को परीक्षा न देने के लिए उकसाना।

(viii) परीक्षा केंद्र पर अनधिकृत व्यक्तियों को बुलाकर परीक्षा अधिकारियों से बहस करना या परीक्षा की प्रक्रियाओं में बाधा डालना

(ix) परीक्षा/प्रश्नपत्र से संबंधित सामग्री आदि का वीडियो, स्नैपशॉट लेना।

(x) परीक्षा के दौरान, उससे पहले या उसके बाद परीक्षा पर्यवेक्षकों और अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करना।

(xi) परीक्षा के दौरान बिना अनुमति के परीक्षा स्थल/लैब से बाहर जाना।

(xii) ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय या जानकारी के साथ छेड़छाड़ करने/मनगढंत विवरण प्रस्तुत करते तथा महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने

(xiii) किसी दूसरे उम्मीदवार के साथ अपनी सीट बदलते हुए या किसी दूसरी सीट (जो उसे अलॉट नहीं की गई थी) से परीक्षा देते हुए पाए जाने पर में लिप्त पाया जाता है तो ऐसा अभ्यर्थी निम्नलिखित का भागी होगा:

(क) खुद को आपराधिक कार्यवाही

(ख) उस परीक्षा से अपात्र किए जाने हेतु जिसमें वह एक अभ्यर्थी है

(ग) IBPS द्वारा कराई जानेवाली किसी भी परीक्षा से या तो स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि हेतु निषिद्ध किए जाने

(घ) सेवा समाप्ति के लिए यदि वह पहले ही सहभागी सरकारी क्षेत्र के बैंक में शामिल हो चुका है।

आईबीपीएस वंचित उम्मीदवारों/ स्क्राइब की सूची अन्य भर्ती एजेंसियों के साथ उनकी जानकारी के लिए साझा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## आपको शुभकामनाएं!